# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 16 मार्च 2026, अंक –237.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"जीवन में वही जीतता है जो हार नहीं मानता।"

— नापोलियन बोनापार्ट



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा...

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा......!

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह —
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1:** 16 मार्च को कौन-सा दिवस मनाया जाता है?
**उत्तर:** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस
**प्रश्न 2:** भारत की राजधानी कहाँ है?
**उत्तर:** नई दिल्ली
**प्रश्न 3:** बिहार की राजधानी कहाँ है?
**उत्तर:** पटना
**प्रश्न 4:** भारत का राष्ट्रीय पशु कौन है?
**उत्तर:** बाघ
**प्रश्न 5:** भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है?
**उत्तर:** मोर
**प्रश्न 6:** गंगा नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?
**उत्तर:** गंगोत्री (उत्तराखंड)
**प्रश्न 7:** "जय जवान जय किसान" का नारा किसने दिया था?
**उत्तर:** लाल बहादुर शास्त्री
**प्रश्न 8:** भारत का सबसे बड़ा राज्य क्षेत्रफल के आधार पर कौन-सा है?
**उत्तर:** राजस्थान
**प्रश्न 9:** भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन थीं?
**उत्तर:** इंदिरा गांधी
**प्रश्न 10:** गरबा नृत्य किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
**उत्तर:** गुजरात

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Deal (डील) – व्यवहार करना / सौदा करना
Dealt (डेल्ट) – व्यवहार किया / सौदा किया
Dealt (डेल्ट) – सौदा किया गया

Dig (डिग) – खोदना
Dug (डग) – खोदा
Dug (डग) – खोदा गया

Feed (फीड) – खिलाना / भोजन देना
Fed (फेड) – खिलाया / भोजन दिया
Fed (फेड) – खिलाया गया


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

**थीम: At the Bus Stop (बस स्टॉप पर)**

**बस कब आएगी? – When will the bus come?**
**बस आ गई है। – The bus has arrived.**
**जल्दी बस में चढ़ो। – Get on the bus quickly.**
**अपनी सीट पर बैठो। – Sit on your seat.**


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 16 मार्च को 'संक्रामक रोगों' से सुरक्षा और टीकाकरण के महत्व हेतु कौन सा राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस
व्याख्या: भारत में हर साल 16 मार्च को 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' मनाया जाता है। इसी दिन 1995 में 'पल्स पोलियो अभियान' की पहली खुराक दी गई थी। यह दिवस घातक बीमारियों (जैसे पोलियो, खसरा) के उन्मूलन में टीकों की जीवन रक्षक भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाता है। 'स्वस्थ भारत' के निर्माण में टीकाकरण एक अनिवार्य आधार है।
संदर्भ: Ministry of Health and Family Welfare, India (2026).

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में राज्य के दूसरे 'खादी मॉल' (Khadi Mall) के निर्माण की घोषणा की है? (समसामयिकी)
उत्तर: पूर्णिया
व्याख्या: पटना के सफल खादी मॉल के बाद, राज्य सरकार ने पूर्णिया में दूसरा खादी मॉल स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य स्थानीय बुनकरों को बाजार उपलब्ध कराना और खादी उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाना है। यह ग्रामीण रोजगार और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त पहल है।
संदर्भ: Department of Industries, Bihar (March 2026).

3. "अभिज्ञान शाकुन्तलम" महाकाव्य के रचयिता कौन हैं, जिन्हें 'भारत का शेक्सपियर' भी कहा जाता है? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: महाकवि कालिदास
व्याख्या: कालिदास गुप्त काल के महान कवि और नाटककार थे। 'अभिज्ञान शाकुन्तलम' उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना है, जो राजा दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कथा पर आधारित है। उनकी रचनाएँ संस्कृत साहित्य की अनमोल धरोहर हैं और प्राचीन भारतीय संस्कृति की भव्यता को दर्शाती हैं।
संदर्भ: NCERT Class 6 History (Our Pasts-I), Ch 11, p. 115.

4. 'पारिस्थितिकी तंत्र' में ऊर्जा का प्रवाह सदैव किस दिशा में होता है? (पर्यावरण)
उत्तर: एकदिशीय (Unidirectional)
व्याख्या: ऊर्जा हमेशा सौर ऊर्जा से उत्पादकों (पौधों) और फिर उपभोक्ताओं की ओर बहती है। यह कभी भी वापस नहीं लौटती। ऊर्जा के इस प्रवाह के दौरान प्रत्येक स्तर पर 90% ऊर्जा का क्षय होता है और केवल 10% ही अगले स्तर तक पहुँचती है। यह पारिस्थितिक संतुलन का मूल सिद्धांत है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 15 (Our Environment), p. 259.

5. 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना 1885 में किस शहर में हुई थी? (इतिहास)
उत्तर: बम्बई (मुंबई)
व्याख्या: कांग्रेस का पहला अधिवेशन 28 दिसंबर 1885 को बम्बई के 'गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज' में हुआ था। इसके प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे। इसकी स्थापना में ए.ओ. ह्यूम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह संगठन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य मंच बना।
संदर्भ: NCERT Class 8 History (Our Pasts-III), Ch 9, p. 111.

6. भारत की सबसे लंबी नदी 'गंगा' बिहार के किस जिले में सबसे पहले प्रवेश करती है? (भूगोल)
उत्तर: बक्सर
व्याख्या: गंगा नदी बिहार में बक्सर जिले के 'चौसा' नामक स्थान से प्रवेश करती है। बिहार में इसकी कुल लंबाई लगभग 445 किमी है। यह राज्य की कृषि, संस्कृति और अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। यह भौगोलिक और ऐतिहासिक रूप से बिहार का सबसे महत्वपूर्ण जल संसाधन है।
संदर्भ: SCERT Bihar Class 9 Geography; NCERT Class 9 Geography, Ch 3.

7. भारतीय संविधान के किस भाग को 'भारत का मैग्नाकार्टा' कहा जाता है? (संविधान)
उत्तर: भाग III (मौलिक अधिकार)
व्याख्या: संविधान के भाग III (अनुच्छेद 12 से 35) में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का वर्णन है। यह न्यायसंगत है और राज्य के विरुद्ध व्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। इसे 'मैग्नाकार्टा' इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह अधिकारों का वह मूल दस्तावेज है जो लोकतंत्र की नींव रखता है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Pol. Science, Ch 2, p. 27.

8. 'ध्वनि की तीव्रता' (Loudness of Sound) को मापने का मात्रक क्या है? (विज्ञान)
उत्तर: डेसिबल (dB)
व्याख्या: ध्वनि की प्रबलता या तीव्रता डेसिबल में मापी जाती है। 80 डेसिबल से अधिक की ध्वनि मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और 'ध्वनि प्रदूषण' की श्रेणी में आती है। सामान्य बातचीत लगभग 60 डेसिबल की होती है। भौतिकी में यह तरंगों के आयाम (Amplitude) से संबंधित है।
संदर्भ: NCERT Class 8 Science, Ch 13 (Sound), p. 165.

9. 'कुचिपुड़ी' किस भारतीय राज्य का प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: आंध्र प्रदेश
व्याख्या: कुचिपुड़ी नृत्य आंध्र प्रदेश के 'कुचेलपुरम' गाँव से उत्पन्न हुआ है। इसमें नृत्य और अभिनय दोनों का प्रयोग होता है। कलाकार अक्सर पीतल की थाली के किनारों पर पैर रखकर और सिर पर जलता हुआ दीया या कलश रखकर नृत्य करते हैं, जो इसकी अद्भुत कलात्मकता को दर्शाता है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9, p. 126.

10. बिहार के किस जिले में 'विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य' स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: भागलपुर
व्याख्या: यह भारत का एकमात्र डॉल्फिन अभ्यारण्य है, जो गंगा नदी के सुल्तानगंज से कहलगांव तक फैला है। गंगा डॉल्फिन भारत का 'राष्ट्रीय जलीय जीव' है। इसका संरक्षण न केवल जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बल्कि बिहार की प्राकृतिक विरासत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: Bihar Economic Survey; SCERT Bihar Class 9 Geography.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W2): चक्रवाती तूफान या तेज आँधी के दौरान 'कांच की खिड़कियों' से दूर रहने का क्या कारण है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: चोट से बचाव (टूटने का खतरा)
व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W2) के अनुसार, चक्रवाती तूफान के दौरान हवा का दबाव इतना अधिक हो सकता है कि कांच की खिड़कियां टूटकर छर्रों की तरह उड़ सकती हैं। सुरक्षित शनिवार के प्रशिक्षण में सिखाया जाता है कि तूफान के समय खिड़कियों से दूर रहें और यदि संभव हो तो उन्हें बंद करके भारी पर्दों से ढंक दें ताकि कांच के टुकड़ों से चोट न लगे।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026)।

12. एक आदमी एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहता है– "वह मेरे इकलौते बेटे की पत्नी की बेटी की माँ है।" उस तस्वीर वाली महिला का उस आदमी से क्या संबंध है? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: बहू (Daughter-in-law)
व्याख्या: आदमी के इकलौते बेटे की पत्नी = आदमी की 'बहू'। बहू की बेटी = आदमी की 'पोती'। पोती की माँ = पुनः वही 'बहू'। अतः वह तस्वीर उस आदमी की बहू की है। यह प्रश्न रिश्तों के जटिल तार्किक जाल को सुलझाने की क्षमता विकसित करता है।
संदर्भ: Logical Reasoning for NTSE (2026).

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Benevolent (बेनेवोलेंट) = Kind-hearted (काइंड हार्टेड) = दयालु
Antonym – Malevolent (मलेवोलेंट) = दुष्ट
Candid (कैंडिड) = Frank (फ्रैंक) = स्पष्टवादी
Antonym – Deceitful (डिसीटफुल) = कपटी
Emerge (इमर्ज) = Appear (अपियर) = प्रकट होना
Antonym – Vanish (वैनिश) = गायब होना
Scarcity (स्कार्सिटी) = Shortage (शॉर्टेज) = कमी
Antonym – Surplus (सरप्लस) = अधिकता
Tranquil (ट्रैंक्विल) = Calm (कॉल्म) = शांत
Antonym – Turbulent (टर्बुलेंट) = अशांत



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

1. Ministry of Education and NCERT announce 'Shiksha Setu 2026' to integrate Vocational Skills with Secondary Curriculum.
2. शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी ने माध्यमिक पाठ्यक्रम के साथ व्यावसायिक कौशल को जोड़ने के लिए 'शिक्षा सेतु 2026' की घोषणा की; कौशल विकास पर विशेष बल।

1. India successfully test-fires 'Agni-Prime 2.0' with advanced indigenous navigation system; highlights DRDO’s self-reliance.
2. डीआरडीओ ने उन्नत स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली के साथ 'अग्नि-प्राइम 2.0' का सफल परीक्षण किया; रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम।

1. National Science Centre hosts 'Vigyan Kumbh'; Government announces 20% increase in Budget for Quantum Computing Research.
2. नेशनल साइंस सेंटर में 'विज्ञान कुंभ' का आयोजन; सरकार ने क्वांटम कंप्यूटिंग अनुसंधान के बजट में 20% वृद्धि की घोषणा की।

## INTERNATIONAL NEWS

1. G20 Environment Ministers reach consensus on 'Global Plastic Treaty' to eliminate single-use plastics by 2030.
2. G20 पर्यावरण मंत्रियों ने 2030 तक सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को पूरी तरह समाप्त करने के लिए 'ग्लोबल प्लास्टिक ट्रीटी' पर सर्वसम्मति जताई।

1. BBC News: NASA-ISRO collaborative mission 'NISAR-2' provides first high-resolution mapping of Arctic ice melt dynamics.
2. बीबीसी न्यूज़: नासा-इसरो के संयुक्त मिशन 'निसार-2' (NISAR-2) ने आर्कटिक बर्फ पिघलने की गतिशीलता का पहला उच्च-रिज़ॉल्यूशन मानचित्र प्रदान किया।

1. World Health Organization (WHO) issues 'AI-Health Charter' for ethical use of Generative AI in medical diagnosis.
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने चिकित्सा निदान में जनरेटिव एआई के नैतिक उपयोग के लिए 'एआई-हेल्थ चार्टर' जारी किया।

## BIHAR NEWS

1. Bihar Government to establish 'Climate Resilience Research Centre' in Bhagalpur to study Gangetic biodiversity.
2. बिहार सरकार गंगा की जैव विविधता के अध्ययन के लिए भागलपुर में 'जलवायु लचीलापन अनुसंधान केंद्र' स्थापित करेगी; BPSC परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण।

1. SCERT Bihar launches 'Pratibha Khoj' portal for digital mapping of rural student excellence across 38 districts.
2. एससीईआरटी बिहार ने 38 जिलों के ग्रामीण छात्रों की उत्कृष्टता की डिजिटल मैपिंग के लिए 'प्रतिभा खोज' पोर्टल लॉन्च किया।

## SPORTS NEWS

1. India wins ICC Men's Champions Trophy 2026 in thrilling final; Jasprit Bumrah named 'Player of the Tournament' for record wickets.
2. भारत ने रोमांचक फाइनल में ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का खिताब जीता; जसप्रीत बुमराह रिकॉर्ड विकेट के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए।

1. Ministry of Youth Affairs and Sports grants 'National Status' to Indigenous Sports Mallakhamb and Kalarippayattu.
2. युवा मामले और खेल मंत्रालय ने स्वदेशी खेलों मल्लखंब और कलारीपयट्टू को 'राष्ट्रीय दर्जा' प्रदान किया; खेलों को बढ़ावा देने की नई पहल।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण ।

✍️ संदेश:

"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"

# प्रेरक कहानी
# “टीका लगाओ, बीमारी भगाओ”

गांव के एक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगा था। डॉक्टर और नर्स बच्चों को टीकाकरण के बारे में समझाने आए थे। स्कूल में घोषणा हुई कि सभी बच्चों को स्वास्थ्य की जानकारी दी जाएगी और जिन बच्चों का टीका बाकी है, उन्हें टीका लगाया जाएगा।

कक्षा में बैठा सुमित थोड़ा घबराया हुआ था। उसने अपने मित्र अंश से धीरे से कहा,

“मुझे टीका लगवाने से डर लगता है। अगर दर्द हुआ तो?”

अंश ने मुस्कुराकर कहा,

“डरने की क्या बात है? मेरी बड़ी बहन कहती है कि टीका हमें खतरनाक बीमारियों से बचाता है। थोड़ा सा दर्द, लेकिन बहुत बड़ी सुरक्षा।”

थोड़ी देर बाद डॉक्टर कक्षा में आए और बच्चों से बोले,

“बच्चों, हमारे शरीर को मजबूत बनाने के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। यह हमें कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। जैसे हम घर की रक्षा के लिए दरवाजे पर ताला लगाते हैं, वैसे ही टीका हमारे शरीर की रक्षा करता है।”

डॉक्टर की बात सुनकर सुमित का डर थोड़ा कम हो गया। जब उसका नंबर आया तो वह हिम्मत करके आगे बढ़ा। टीका लगने में कुछ ही क्षण लगे।

नर्स ने मुस्कुराकर कहा,

“बहुत बहादुर हो तुम! अब तुम्हारा शरीर और मजबूत हो गया है।”

सुमित अब खुश था। उसने अपने दोस्तों से कहा,

“अब मुझे समझ आ गया कि टीका डरने की चीज नहीं है। यह तो हमारी सुरक्षा के लिए है।”

उस दिन से सुमित दूसरों को भी यही समझाने लगा कि टीकाकरण जरूरी है।

**सीख :** टीकाकरण हमें बीमारियों से बचाता है और स्वस्थ जीवन देता है।
डर को दूर करें और संकल्प लें– “टीका लगाओ, बीमारी भगाओ।”



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता का महत्व"

विद्यालयों में होने वाला मूल्यांकन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह बच्चों की सीखने की वास्तविक स्थिति को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि परीक्षा और मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय हो। बिहार के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में संचालित वार्षिक मूल्यांकन–2026 के संदर्भ में भी Education Department Bihar द्वारा इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और शैक्षणिक जिम्मेदारी के साथ संपन्न हो।

मूल्यांकन में पारदर्शिता का अर्थ है कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया स्पष्ट, व्यवस्थित और नियमों के अनुसार हो। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा संचालन और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन तक हर चरण में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी बच्चों को समान अवसर मिले और किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण स्थिति उत्पन्न न हो।

निष्पक्ष मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच करते समय पूरी सावधानी और तटस्थता बनाए रखें। कभी-कभी ऐसा देखा जाता है कि जल्दी में या औपचारिकता के रूप में जाँच करने से बच्चों की वास्तविक क्षमता का सही आकलन नहीं हो पाता। यदि शिक्षक धैर्य और गंभीरता के साथ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें, तो उन्हें यह समझने में आसानी होती है कि बच्चे ने कहाँ सही समझ विकसित की है और कहाँ उसे अभी और अभ्यास की आवश्यकता है।

मूल्यांकन की पारदर्शिता बच्चों के मन में भी विश्वास और प्रेरणा उत्पन्न करती है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि परीक्षा निष्पक्ष तरीके से हो रही है और उनके उत्तरों का सही मूल्यांकन किया जा रहा है, तो वे अधिक आत्मविश्वास के साथ सीखने की प्रक्रिया में भाग लेते हैं। इसके विपरीत यदि मूल्यांकन में लापरवाही या पक्षपात दिखाई देता है, तो बच्चों की सीखने की रुचि और प्रेरणा दोनों प्रभावित हो सकती हैं।

शिक्षकों के लिए यह भी आवश्यक है कि वे मूल्यांकन को केवल अंक देने की प्रक्रिया न मानें, बल्कि इसे बच्चों के सीखने को समझने का एक अवसर समझें। उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच करते समय बच्चों की गलतियों को पहचानना और यह समझना कि वे किस कारण से हुई हैं, आगे के शिक्षण को बेहतर बनाने में बहुत सहायक होता है। इस प्रकार मूल्यांकन वास्तव में शिक्षण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाता है।

इसके साथ-साथ विद्यालय प्रशासन की भी जिम्मेदारी होती है कि परीक्षा संचालन के दौरान सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएँ। समय पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराना, परीक्षा का शांत वातावरण बनाए रखना और उत्तर पुस्तिकाओं का सुरक्षित संकलन करना—ये सभी बातें पारदर्शिता बनाए रखने में सहायक होती हैं।

अंततः यह कहा जा सकता है कि पारदर्शी और निष्पक्ष मूल्यांकन ही शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता का आधार होता है। जब परीक्षा प्रक्रिया ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ संचालित होती है, तब ही बच्चों की वास्तविक सीखने की स्थिति सामने आती है और शिक्षक उस आधार पर आगे की शिक्षण योजना तैयार कर पाते हैं। इस प्रकार निष्पक्ष मूल्यांकन न केवल बच्चों के लिए न्यायपूर्ण होता है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

.................✍️



**मनोज कुमार झा**
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।

आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 10

## "(इंटरमीडिएट के बाद – B.Com : Bachelor of Commerce)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि व्यापार, लेखांकन, बैंकिंग, वित्त और प्रबंधन के क्षेत्र में है, तो B.Com (Bachelor of Commerce) एक अत्यंत उपयोगी स्नातक कोर्स है। यह कोर्स आपको अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बिज़नेस लॉ, फाइनेंस, ऑडिटिंग और मैनेजमेंट की बुनियादी तथा व्यावहारिक समझ प्रदान करता है। आज के समय में बैंकिंग, कॉर्पोरेट सेक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंसी तथा उद्यमिता के लिए B.Com एक मजबूत आधार माना जाता है।

अर्हता (Eligibility) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण। वाणिज्य (Commerce) पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को विशेष लाभ होता है, हालांकि कई विश्वविद्यालय अन्य संकाय के छात्रों को भी प्रवेश देते हैं।

नामांकन की विधि: अधिकांश विश्वविद्यालय मेरिट के आधार पर प्रवेश देते हैं, जबकि कुछ संस्थान प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं। बिहार के विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संचालित होती है।

प्रमुख विश्वविद्यालय: Patna University – patnauniversity.ac.in, Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University – brabu.net, Magadh University – magadhuniversity.ac.in

देश के प्रमुख संस्थान: यदि आप देश के प्रतिष्ठित कॉलेजों में पढ़ना चाहते हैं, तो निम्न संस्थान उल्लेखनीय हैं: University of Delhi – du.ac.in, Loyola College Chennai – loyolacollege.edu, Christ University – christuniversity.in

इन संस्थानों में प्रवेश सामान्यतः मेरिट या विश्वविद्यालय स्तर की प्रक्रिया से होता है।

कोर्स अवधि: सामान्यतः 3 वर्ष (NEP-2020 के अंतर्गत कई संस्थानों में 4-वर्षीय विकल्प भी उपलब्ध)।

करियर एवं रोजगार की संभावना- B.Com के बाद अनेक संभावनाएँ खुलती हैं बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, अकाउंटेंट / टैक्स कंसल्टेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंसी (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), कॉर्पोरेट कंपनियाँ

सरकारी सेवाएँ (SSC, Banking, BPSC): प्रारंभिक वेतन ₹20,000–40,000 प्रतिमाह तक हो सकता है। पेशेवर कोर्स (CA, MBA आदि) के साथ आय और अवसर दोनों बढ़ते हैं।

वित्तीय सहायता: उच्च शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत ₹4 लाख तक की सहायता उपलब्ध है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर विभिन्न योजनाएँ उपलब्ध हैं।

एक उपयोगी सुझाव: यदि आपका लक्ष्य अकाउंटिंग या वित्तीय क्षेत्र में विशेषज्ञ बनना है, तो B.Com के साथ-साथ CA, CMA, CS या MBA जैसे कोर्स की योजना बनाना अत्यंत लाभकारी हो सकता है। अगले पत्र में हम मैट्रिक के बाद – Diploma in Mechanical Engineering (Polytechnic) को विस्तार से समझेंगे। आपके सफल और उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। 🌟

...........✍️



शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org